श्री अध्यक्षः मैं समझता हूं कि मुख्यमन्त्री जी उनसे जरूर मिलेंगे और उनकी बात सुनेगें।

मुख्यमंत्री (चौधरी भजन लाल): यदि उनका भाान्तिपर्ण आन्दोलन है तो हम उनकी बात जरूर सुनेंगे।

श्री हीरा नन्द आर्यः अध्यक्ष महोदय, मैं भी कुछ कहना चाहता हूं।

श्री अध्यक्षः आप किस विशय पर बोलना चाहते हैं।

श्री हीरा नन्द आर्यः अध्यक्ष महोदय, जिस प्रकार से चण्डीगढ़ मे किसानों का एजीटे ान चल रहा है उसी प्रकार से भाान्तिपूर्वक एजीटे ान लोहारू के अन्दर भी दो महिने से चल रहा हैं। वहां के किसानों की मांगें है कि उन्हे 12 घण्टे बिजली दी जाये। वहां पर इस आन्दोलन के कारण महावीर नाम का एक किसान गोली से मारा गया हैं। लेकिन सरकार अक तक चुप बैठी हैं काई कार्यवाही नही कर रही। मैं आपके माध्यम से सरकार को

कहना चाहता हूं कि उस मरने वाले किसान को कुछ मुआवजा दिया जाए। मेरी सरकार से यह भी प्रार्थना है कि उन किसानों के साथ बातचीत की जाए और उस एजिटे ान का काई हल निकाला जाए।

श्री अध्यक्षः मैं समझता हूं कि अगर कोई डैपुट ान आएगा तो मुख्यमन्त्री जी उनसे जरूर मिलेंगे।

श्री बलदेव तायलः अध्यक्ष महोदय, मै सिर्फ आपका एक ही मिनट लेना चाहता हूं। मै श्री मांगे राम गुप्ता जी, जो मन्त्री हैं उनके साहस के लिए उन्हे बधाई देता हूं मैं उन्हे मुबारिकबाद देता हूं कि उन्होने यहां खड़े होकर कहा है कि अपोजि ान के मैम्बर मेरे बारें में इन्कवायरी कर लें। अध्यक्ष महोदय, मै उन्हे बधाई देता हूं कि यहां पर जितने मंत्री हैं उनमे से कम से कम एक मन्त्री की जो यह बात कहने की हिम्मत हुई है। मैं चाहूंगा कि जिस प्रकार से मांगे राम गुप्ता जी ने सदन में कहा है कि अगर उनके खिलाफ आरोप साबित हो जाऐंगे तो वे मन्त्री पद से ही नही बल्कि एम0एल0ए0 ि ाप से भी अस्तीफा दे देंगे। अध्यक्ष महोदय, मै चाहूंगा कि इसी प्रकार का आचरण दूसरें मैम्बरों को भी करना चाहिए। मैं उनका इस बात के लिए दोबारा धन्यवाद करता हूं। मै समझता हूं कि कमेटी बैठाने की काई आव यता नही हैं।

श्री मूल चन्द जैनः अध्यक्ष महोदय, मैने पंजाब प्रिएम्प ान (हरियाणा रिपीलिंग) बिल का नोटिस दिया था, उसका क्या हुआ?

श्री अध्यक्षः बाबू जी वह एडमिट कर लिया हैं।

श्री वीरेन्द्र सिंहः अध्यक्ष महोदय, यहां चण्डीगढ़ के अन्दर पिछली 16 तारीख से किसान एजिटे ान कर रहे है। 64 आदमीयों को परसो गिरफ्तार किया गया हैं। स्पीकर साहब, उनकी मांग है कि एम0आई0टी0सी0 जो पक्के खाल बनाती हैं उसका पैसा उनसे न लिया जाए। ये सारी रात को सर्दी में मरते रहें हैं। मुख्यमंत्री जी को और सरकार को किसानों की मांगों को सुनना चाहिए। मैं मुख्यमंत्री जी से कहना चाहता हूं कि उनकी जो जायज मांगे हैं, वह मान लें।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, जैसा अभी वीरेन्द्र सिंह जी ने और दूसरे कुछेक साथियों ने कहा है कि करीब दो महीने से किसान एजिटे ान कर रहे हैं और कुछ किसान चण्डीगढ़ में भी अपनी मागों के लिए एजिटे ान कर रहे हैं। इनका कहना है कि मुख्यमंत्री को और सरकार को उनकी मागों को मानना चाहिए और उनसे बात करनी चाहिए। चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी से मैं एक बात पूछना चाहता हूं कि वे भी मंत्री थे और इनके पास 2 साल और 6 दिन इरिगे ान एंड पावर डिपार्टमैन्ट रहा। आज ये कहते हैं कि एम0आई0टी0सी0 जो पक्के खाल

बनाती है, उसका खर्चा माफ होना चाहिए। मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि जब वे मंत्री थे तो क्या इन्होने कभी इस खर्च को माफ किया था? अध्यक्ष महोदय, हमने जिन किसानों के पास अढाई एकड़ से कम जमीन है उसका खर्चा बिल्कूल माफ कर दिया है और जिन किसानों के पास अढाई एकड़ से जमीन से ज्यादा है, उनसे आधा पैसा लेते हैं यानी आधा उनका भी माफ किया हैं।

श्री बीरेन्द्र सिंहः आप गलत ब्यानी कर रहे हैं। हमने प्रत्येक किसान का 33% खर्चा माफ कर दिया था।

चौधरी भजन लालः आपने अपने समय में एक पैसा भी किसानों के खर्चे का माफ नही किया था। आज आप किसानों को आन्दोलन करने के लिए भड़का रहे हैं। लेकिन आज किसान इतना जागरूक हो चुका है कि वह आपके बहकावे में आ कर एजीटे ान नही करेंगा। आज का किसान समझने लग गया हैं कि ये लोग अपने स्वार्थ के लिए हमें भड़का रहे हैं। मैं फिर चही कहता हूं कि आज का किसान इतना भोला नहीं है कि वह आपके चक्र में आ कर कुछ गलत काम करें।

श्री वीरेन्द्र सिंहः यह बिल्कुल गलत ब्यानी कर रहे है।

चौधरी भजन लालः मैं आप लोगों को बताना चाहता हूं कि आज की सरकार ने किसानों के लिए किया हैं उतना आज से पहले किसी भी सरकार ने नही कियां हम किसानों की बात सुनने के लिए सुबह 6 बजे से लेकर रात के 12 बजे तक तैयार हैं।

उनके साथ बातचीत करने के लिए 24 घन्टे सरकार के द्वार खुले हुऐ है। उनकी समस्या का समाधान आपके पास नही, सरकार के पास हैं।

Mr. Speaker: Now zero hour is over.

चौधरी संत कंवरः आन ए प्वांयट आफ आर्डर सर, स्पीकर साहब,. . . ..

श्री अध्यक्षः आप किस की इजाजत से बोल रहे है?

चौधरी संत कंवरः स्पीकर साहब, मैं आपकी इजाजत से बोल रहा हूं।

श्री अध्यक्षः श्री संत कंवर जी आप कृपया बैठ जाईए, otherwise, I will name you.

चौधरी संत कंवरः स्पीकर साहब, मै कहना चाहता हूं * * * * * *

श्री अध्यक्षः यह रिकार्ड न किया जाये।

कमेटी आन गवर्नमैंट अ योरैंसिज़ की 12वी रिपोर्ट पे ा करना

श्री अध्यक्षः अब श्री हीरा नन्द आर्य, कमेटी आन गवर्नमैंट अ योरैंसिज की 12वी रिपोर्ट पे ा करेंगे।

श्री हीरा नन्द आर्य (चेयरमैन, कमेटी आन गवर्नमैंट अ योरैंसिज): मैं कमेटी आन गवर्नमैंट अ योरैंसिज की वर्श 1980–91 की 12वी रिपोर्ट प्रस्तुत करता हूं।

कमेटी आन दि वैलफेयर आफ ि ाड्यूल्ड कास्टस एंड ि ाड्यूल्ड ट्राइब्ज की छठी रिपोर्ट पे ा करना

श्री अध्यक्ष: अब कैप्टन मांगे राम कमेटी आन दि वैलफेयर आफ ि ाड्यूल्ड कास्टस एंड ि ाड्यूल्ड ट्राइब्ज की छठी रिपोर्ट पे ा करेंगें।

कैप्टन मांगे राम (चैयरमैन, कमेटी आन दि वैलफेयर आफ ि ाड्यूल्ड कास्टस एंड ि ाड्यूल्ड ट्राइब्ज): मैं कमेटी आन दि वैलफेयर आफ ि ाड्यूल्ड कास्टस एंड ि ाड्यूल्ड ट्राइब्ज की वर्श 1980–91 की छठी रिपोर्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करता हूं।

वर्श 1981–82 के बजट पर सामान्य चर्चा (पुनरारम्भ)

श्री अध्यक्ष: अब वर्श 1981–82 के बजट पर चर्चा रित्यूम होगी। कल जब हाउस एडजर्न हुा था ता श्री रण सिंह मान बोल रहें थे वे अब अपनी स्पीच जारी कर सकते हैं।

श्री रण सिंह मान(बाढड़ा): स्पीकर साहब, कल जब हाउस एडजर्न हुआ, उस समय मैं यह अर्ज कर रहा था कि सरकार की नीयत अगर वाकई गरीब लोगों की इमदाद करने की होती तो (इस समय सभापतियों की सूची में से एक सदस्य चौधरी हरस्वरूप बूरा पदासीन हुए) किसान की, गरीब खेतीहर मजदूर की और कारीगर की माली हालत इस कदर कमजोर न होती कि वह कर्जा चुकान के अपने आपको असमर्थ महसूस करता। हमारे वित्त मंत्री जी ने इस हाउस में अपना जो बजट पे ा किया हैं, उसमें इस मद के लिए कुछ भी पैसे का प्रोवीजन नहीं किया गया हैं जोकि इनको करना चाहिये ाि। चेयरमैन साहब, सरकार अपने मुलाजिमों को उनकी रिटायरमैंट के बाद पैन ान की सुविधा देती है ताकि उनकी जिन्दगी के आखिरी दिन सुखमय बीत सकें। अब तो यहां तक भी हो गया है कि विधायकों को भी पेन् ान के दायरे में ले लिया गया हैं लेकिन यह एक बडी ही अजीब बात हैं कि खेत के अन्दर काम करने वाले किसान, खेतीहार मज़दूर और कारीगर को जिन्होने इस दे ा और समाज के लिये काम किया हैं, समाज की खु ाहाली के लिए कमर तोड़ मेहनत की है, उनको उनकी जिन्दगी के आखिरी दिनों मे सुविधा देने के लिए सरकार ने कुछ नही किया हैं। आजकल यह तो सब को पता हैं कि रोजगार सीमित है और मैं समझता हूं कि एक सामान्य आदमी के बच्चों के लिए नोकरी पाना आज के जमाने में बड़ा ही मु ि कल हैं। मेरा कहना यह है कि युवकों को जब तक रोजगार नही मिलता उनका बेरोजगारी भत्ता देने का इन्तजाम करना चाहिए

था। अभी पक्के रोजगार नही मिलता उनको बेरोजगारी भत्ता देने का इन्तजाम करना चाहिए था। अभी पक्के खालेां के खर्चकी बात यहां आयी और सवाल उठाया गया। यह सवाल अब ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया हैं क्योंकि उनकी रिकवरी अब भाुरू हो रही हैं। इसलिए सरकार को मैं यह निवेदन करने जा रहा हूं कि आज किसान आन्दोलित हैं, वे अपनी मांगो को लेकर बड़े एजिटेटिड फील कर रहें हैं, मैं वित मंत्री जी से यह निवेदन करूगां कि राजनैतिक विरोध से थोड़ा दुर हट कर किसानों की जो समस्याएं हैं, उनके उपर वे सहानुभूतिपूर्वक गौर करें। चेयरमैन साहब, देहाती क्षैत्र में जो खेतीहार मजदूर और गरीब लोग हैं, उनके लिए रोजगार के अवसर बढाने के लिए पिछली सरकार ने एक स्कीम भाुरू की थी जिसका नाम काम के बदले अनाज रखा गया था। अब इस सरकार ने उसका नाम बदल कर राश्ट्रीय देहात रोजगार कार्यक्रम रखा हैं और उसे चालू रखने का निर्णय किया हैं। मैं इस बारे में एक अर्ज करना चाहता हूं। चेयरमैन साहब, आज कुछ इलाकों में वि ोशकर सार्वजनिक निर्माण के जो कार्य हैं, जो सरकार द्वारा करवाये जाते हैं, वे एक तरह से बिल्कुल बन्द पडें हैं लगातार सूखा की स्थिती भी वहां पर बनी हुई हैं। वि ोशकर भिवानी और उसके आस पास के इलाकों में खेतीहर मज़दूरों, किसानों और गरीब लोगों के पास न तो खेतों में करने के लिए कोई काम है और न ही वहां पर कोई सार्वजनिक निर्माण के कार्य हो रहें हैं जिससे कि वे अपनी रोजी–रोटी कमा सकें यह जो राश्ट्रीय देहात रोजगार कार्यक्रम बनाया गया हैं, मै चाहता हूं कि

उसका दायरा बढाकर उसमे बड़ी–बड़ी योजनओं को भी भाामिल किया जाना चहिए और हर गांव में एक कमेटी बनाई जाये। उस कमेटी में उन लोगों को भी भाामिल किया जाना चहिए जिन लोगों ने वहां पर काम करना है। इस कार्यक्रम में जिन लोगों को रोजगार मिलना हैं, उनको भी गांव की जो कमेटी इस बारे मे बननी है, उसमे भाामिल किया जाना चाहिए। पहले जो गावों में इस तरह के काम हो रहे थें, वे अब बन्द हो गयें हैं।

चौधरी राम लाल वधवाः चेयरमैन साहब, मेरा व्यवस्था का प्र न हैं। मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि श्री आर्य जी ने जो अभी गवर्नमैंट अ योरेन्स कमेटी की रिपोर्ट हाउस में पे ा की है, उसकी कापी हमें नही पहुंची है। मेरा ख्याल यह है कि उसकी कापी अभी तक किसी भी मैम्बर को नही हैं जो कि प्रैजेन्ट हो चुकी है।

श्री सभापतिः रामलाल जी, वह रिपोर्ट अभी प्रिन्ट होनी बाकी है। उन्होने तो सिर्फ टाईप्ड कापी दी है।

चौधरी राम लाल वधवाः चेयरमैन साहब, इस बारे मे रूल्ज़ तो क्लियर हैं कि जो भी कागज़ हाउस की टेबल पर रखे जाते है, उनको सभी सदस्यों मे डिस्ट्रीब्यूट किया जाना चाहिए।

श्री सभापतिः वह आपको बहुत जल्द ही मिल जाऐगी।

चौधरी राम लाल वधवाः इस बारे मे तो मुझे पूरा वि वास हैं कि जब वह प्रिन्ट हो जायेगी तो मिल ही जायेगी

लेकिन मेरा तो प्वायंट आफ आर्डर यह था कि जब वह रिपोर्ट अभी प्रिन्ट नही हुई, तो हाउस में कैसे पे ा कर दी गई?

श्री सभापतिः आपका प्वायंट आफ आर्डर, तो मैने सुन लिया हैं। टाईप्ड कापी हाउस की टेबल पर रखी जा सकती है। जैसे ही वह प्रिन्ट हो जाऐगी, आप के पास उसकी कापी आ जाऐगी।

11.00 बजे

श्री रणसिंह मानः सरकार को यह चाहिए था कि इस राश्ट्रीय देहात रोजगार कार्यक्रम को जा कि काम के बदले अनाज कार्यक्रम की जगह भाुरू किया गया हैं, बढाकर बडे–बडे कामों को भी हाथ में लेती ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार मुहैया हो सकता। मेरा विचार यह है कि इस बारे में इस दस्तावेज में कुछ भी नही हैं। मैं वित्त मन्त्री जी से निवेदन करूंगा कि जैसे आपने मेवात विकास बोर्ड की स्थापना की हैं उसी तरह से वि ोशकर भिवानी जैसे इलाकों का विकास करने के लिए डैजर्ट डिवैल्पमैन्ट बोर्ड की स्थापना भी की जानी चाहिए। यह जो वर्तमान स्कीम है, यह लोगों को किसी भी तरह से रोजगार नही दे पायेगी। केवल दस सैन्स में कि थोड़ासे कर्जा मिल जाने से लोगों रोजगार देने का ताल्लुक है, उसको पुरा करने के लिए इस राश्ट्रीय देहात रोजगार कार्यक्रम को बढाया जाना चाहिए था। मेरा कहना यह भी है कि यह जो काम के बदले अनाज कार्यक्रम की

बजाय आपने राश्ट्रीय देहात रोजगार कार्यक्रम भ्रारू किया है, इस कार्यक्रम के अधीन काम ऐसे इलाकों में भ्रारू किया जाना चाहिए जहां पर खेती का काम बिल्कुल ही नही बचा है ताकि वहो के लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। चेयरमैन साहब, इसी तरह से पिछड़े हुए इलाको का भी जिक्र किया गया है। राज्य के विकास के असन्तुलन को दूर करके संतुलित विकास करनें के लिए कुछ कदम सरकार उठाने की बात करती हैं। सरकार यह भी दावा करती है कि यह जनहित की सरकार है लेकिन इसने पिछड़े हुए क्षैत्रो को ध्यान मे नही रखा, इसने तो राजनैतिक आधार को ज्यादा ध्यान में रखा हैं। मैं उदाहरण के तौर पर बता सकता हूं, चोधरी खुर ीद अहमद भी इस बात से सहमत होगें जैसे भिवानी का इलाका हैं, इस इलाके के सर्वे की जितनी रिपोर्टस हैं, उनमे उस इलाके की जमीन की पैदावारए उसकी किस्म, वहां पर पानी की मात्रा और उसकी भौगोलिक स्थिती वगैरह यह बताती है कि भिवानी का इलाका भी महेन्द्रगढ़ जिला के समान पिछड़ा हुआ है। बिजली बोर्ड ने एक फैसला किया था। उस फैसले से हमें कोई तकलीफ नही है कि उसने कुछ इलाकों को राहत दी हैं। यह फैसला अखबार में भी आया था जो हमने पढा था। हमे खु ी इस बात को जानकर हुई थी कि बिजली बोर्ड के इस फैसले से पिछड़े हुए इलाको के कुछ लोग तो लाभान्वित होगें लेकिन मुझे बड़े खेद के साथ कहना पड़ता है कि भिवानी जिले की और राजनैतिक द्वेश के कारण काई ध्यान नही दिया गया है। मैं आ ाा करता हूं कि सरकार का ध्यान इस ओर दिलाने के बाद वह इस

बात पर पुनर्विचार कर लेगीं। चेयरमैन साहब, इसी सन्दर्भ में एक बात की और सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं, जब चौधरी देवी लाल की सरकार थी उस समय भिवानी में ट्यूबवैल्ज की गहराई के हिसाब से टैरिफ रिलीफ दी गई थी। उस समय भी हमने यह मांग की थी कि गहराई का हिसाब न रखकर सभी तरह के कुओं पर टेरिफ रिलीफ लागू होनी चाहिए। गहराई की पाबन्दी हटनी चाहिए। चेयरमेन साहब, उस समय यह किया गया था कि अगर कोई कुआं पचास फुट गहरा है तो उसको इतना पैसा देना पडेगां और जो अस्सी फुट गहरे है उनका भाायद 120 रूपया प्रतिमाह देना पड़ेगा लेकिल इस बार बिजली बोर्ड ने बिना ख्याल किए कि कुओ की गहराई कितनी है, महेन्द्रगढ़ में तो कन्सै ान दे दिया है लेकिन भिवानी को इग्नोर कर दिया हैं जबकि ये दोनों इलाके साथ साथ लगते है। चेयरमैन साहब, यदि हम कम्पेयर करें तो महेन्द्रगढ़ की जमीन भिवानी से बेहतर है और महेन्द्रगढ़ मे पैदावार भी भिवानीके लिहाल से ज्यादा होती हैं। मैं समझता हूं कि सरकार इस बारै में पुनर्विचार करेगीं।

चेयरमैन साहब, अब मै मैचिंग ग्रान्ट के बारे मे कहना चाहता हूं। चेयरमैन साहब, लोकतान्त्रिक व्यवस्था में राजनैतिक विरोध को जन विरोध में नही बदलना चाहिए। लोगों ने अढाई साल पहले अपने खून पसीने की कमाई, मैचिंग ग्रांट लेने के लिए सरकार के पास जमा करवाई थी, लेकिन चेयरमैन साहब, आज तक सरकार की से मैचिंग ग्रान्ट नही दी गई है।

श्री सभापतिः क्या पैसा जमा करवा रखा है?

श्री रण सिंह मानः जी हां। चिड़िया गांव मे लड़कियों का स्कूल बनना था और उसके लिए गांव वालो ने 1.28 लाख रूपया जमा करवाया था। मैचिंग ग्रांट को भामिल करके 2.56 लाख रूपया बन जाता है लेकिन आज तक उस स्कूल की कंस्ट्रक ान का कोई काम भुरू नही किया गया हैं। चेयरमैन साहब, लोगो ने बडी मुि कल से पैसा इक्ट्ठा करके मुख्य मंत्री तथा दूसरे मंत्रीयों को दिया था। मेरी प्रर्थना है कि सरकार इस तरफ ध्यान दे और लोगो की निरा ाा को दूर करें। बस मैं थोडी ही देर में खत्म कर दूगां। चेयरमैन साहब, जैसा कि मैने कहा है कि बेरोजगार लोगों को रोजगार दिया जाए और जिस समय तक उनको रोजगार नही दिया जाता तब तक उनका बेरोजगारी भता दिया जाना चाहिए। इसी तरह से बुढापे की पेन ान भी दी जानी चाहिए। जहां पर सूखा है वहां तकावी और सहकारी कर्जे माफ किए जाए और जो भेद–भाव राजनैतिक आधार पर किया जाता है वह बन्द किया जाए। जनता की बिजली की जो मांग है वह पूरी की जाए। एम0आई0टी0सी0 खाले पक्का करने का खर्चा खुद वहन करें। इन मागों को लेकर भिवानी में किसान अन्दोलन कर रहे हैं। चेयरमैन साहब, इस आन्दोलन ने बहुत ज्यादा सीरियस और नाजुक मोड़ तब लिया जब लोहारू का वाका हुआ। चेयरमैन साहब, पिछले साल से बिजली की सप्लाई बहुत कम हो गई हैं जब दस होर्स पावर की मोटर जल जाए तो उसकी रिपेयर पर

बहुत ज्यादा खर्चा आता हैं इस बात से किसान बहुत ज्यादा बेचेन थे। चेयरमैन साहब, इस वर्श अचानक 15 फरवरी को लोवोल्टेज इतनी हो गई कि एक ही पावर हाउस के निचे सौ से अधिक मोटरें जल गई और लोगों का ऐजीटे ान सामूहिक धरने के रूप मे बदल गया। चेयरमैन साहब, 19 फरवरी को जो वाका हुआ जिसमें एक मौत हो गई थी, उसके बारे मे मैं सरकार से तीन सवाल पूछना चाहता हूं पहली बात तो चह है कि जिस दिन यह वाका हुआ उस दिन के बारे में मै सरकार का कहना है कि रोड़ ब्लाक कर दी गई थीं वहा पावर हाउस के सामने एक खम्बा पड़ा हुआ था जिसकों किसी आदमी ने खिसका कर सड़क के सामने डाल दिया था। मैं सरकार से पुछना चाहता हूं कि उस वक्त वहां पर कितने आदमी थे। दूसरी बात मैं यह पूछना चाहता हूं कि उस वक्त वहां पर कितने वाहन खड़े हुए थे जो रोड़ ब्लाक होने के कारण रूक गए थे और कितने वाहनो को नुक्सान हुआ? तीसरी बात मै यह पुछना चाहता हूं कि अश्रु गैस छाडनें से लेकर गोली चलाने के ऐक ान तक क्या किसी कोई चेतावनी लोगो को दी गई थी? तीन सवाल हमारे दिमाग में हैं जिसके बारे में सरकार स्पश्टीकरण दे। चेयरमैन साहब, किसान मजदूर संघर्श समिती, न्यायिक जांच की मांग कर रही हैं। मैजिस्ट्रेट की जांच से काई बात बनने वाली नही हैं चेयरमैन साहब, जिस आदमी की मौजूदगी में गोली चली हो और उसी स्तर का मैजिस्ट्रेट उस घटना की जांच करे यह न्याय व्यवस्था पर एक कलंक है इसलिए किसान मजदूर संघर्श समिति यह मांग करती है कि मैजिस्ट्रेट की जांच

के स्थान पर न्यायिक जांच होनी चाहिए और मुझे आ ाा है कि सरकार मैजिस्ट्रेट की जांच के स्थान पर न्यायिक जांच कराएगी।

चेयरमैन साहब, मै एक बात और कहना चाहता हूं। वैसे तो सरकार ने डी0ए0 की एक कि त सरकारी कर्मचारियों को दे दी है ओर इनकी भलाई के लिए सरकार ने अपने कुछ और इरादे जाहिर किए हैं। चेयरमैन साहब, व्यवहार में यह बात नही है बल्कि इसके उल्ट है। सरकार कर्मचारियों की विभिन्न यूनियन्ज़ में भेदभाव पैदा कर करके आपस मे लडवा रही हैं और अपना मतलब साध रही हैं। विभिन्न यूनियन्ज़ मे फुट डालकर कुछ को अपने पक्ष मे कर लेती हैं, सरकार को ऐसा नही करना चाहिए। यूनियन के जो सच्चे प्रतिनिधी है, उनको स्वीकार करना चाहिए और उनमें किसी तरह का का भेदभाव नही बरतना चाहिए। लोकतान्त्रिक तरीके से उनको बुलाकर जो भी समस्याएं है, उनको निपटाना चाहिए। किसी भी राज्य के विकास के लिए कर्मचारीयों का सहयोग बहुत जरूरी है। चेयरमैन साहब, मैं इतना ही कहकर समाप्त करता हुं।

चौधरी रिजक राम(राई): चेयरमैन साहब, वित मन्त्री महोदय ने 1981–82 का बजट पे ा किया हैं इसके अन्दर उन्होने लोगों की भलाई के लिए कुछ तजवीजें रखी हैं मैं उनके लिए वित मंत्री महोदय का धन्यवाद करता हूं . . . . . .

श्री सभापतिः चौधरी साहब, आप माइक का इस्तेमाल करें क्योकि कुछ सुनाई नही दे रहा हैं ओर रिपोर्टर्ज को भी सुनने में दिक्कत आ रही है।

चौधरी रिजक रामः बहुत अच्छा जी। चेयरमैन साहब, इन्होने ट्रैक्टरों के लिए बजट में रूपया रखा हैं। मै यह महसूस करता हूं कि आज हरियाणा मे जितने भी ट्रेक्टर इस्तेमाल हो रहे हैं, उनको चलाने वाले और उन के जो मालिक है, वे उन ट्रेक्टर्ज के बिगाड़ और सुधार से वाकिफ नही हैं। पर अन्दाजा लगाया जा सकता है कि हरियाणा में और दूसरी जगहो पर एक ट्रेक्टर लगभग 12 साल तक चलता है। सब से ज्यादा रूपया किसान को उनकी रिपेयर पर खर्च करना पडता हैं। आत तीन साल पहले इस प्र न का निरिक्षण किया गया था और अन्दाजा लगाया गया था कि एक ट्रेक्टर की मुरम्मत पर कम से कम 5 हजार रूपये सालाना खर्च आता है तो 12 सालों मे आप खुद ही देख लिजिए कि कम से कम 60 हजार रूपया खर्च होगा।

चेयरमैन साहब, इससे आगे मै बताना चाहता हूं कि इस बजट मे एम.आई.टी.सी. के लिए भी प्रावधान किया गया है। पक्के खालो पर सरकार जो खर्च कर रही है, उस पर भी रियायत दी गई है। ये ऐसी बातें हैं, जिससे किसानों को काफी लाभ पहुंचेगां। इसके लिए वाकई वित्त मंत्र, चौधरी खुर ीद अहमद बधाई के पात्र है। इसके साथ साथ चेयरमैन साहब, सरकार ने जो प्राईवेट कालेजो के लिए 95 परसैन्ट ग्रान्ट का प्रावधान रखा है,

उससे कालेजो को काफी सहायता मिलेगी। यह कदम जो सरकार ने उठाया है, यह सचमुच मे ही सराहनीय हैं। लेकिन एक बात मै उनको यह कहना चाहता हूं कि 1977 के आम चुनाव के बाद यह चौथा बजट हैं जा इस विधान सभा में प्रस्तुत किया गया हैं और चौथे ही वित्त मंत्री हैं पहले सतबीर सिंह मलिक आये, उसके बाद बाबू मूल चन्द जी जैन आए और फिर तायल साहब और अब श्री खुर ाीद जी वित्त मंत्री है। बाबू जी ने बहुत ही जल्दी जल्दी काम किया और चार पांच महीने मे ही चले गये। अब मुझे इस बात का भी खद ाा है कि कही भाई खुर ाीद भी उसी रिवायात का ि ाकार न हो जाएं। कहीं यह बात न हो जाए कि अगला बजट कोई दूसरा वित मंत्री पे ा करें। भाई खुर ाीद जी इस रिवायत को तोड़ सकें तो अच्छा है। इन्होने यह रिवायात जारी रखने की कोि ा ा तो बडी की थी क्योकि जिस दिन यह बजट पे ा होना था, उस दिन चे लेट हो गऐ थे। जब मुख्य मंत्री बजट पढने के लिए खड़े हुए तो देवेन्द्र भार्मा और दुसरे साथी इनको पकड़ कर लाये। जहां तक मुख्य मंत्री जी का ताल्लुक है, चाहे कोई नाराज हो या खु ा हो, इनको तो 15–20 सालों तक इस पद पर रखना ही पडेंगा इन्होने जो इतने लम्बे चौड़े लोगों के साथ वायदे कर रखे हैं, व 15–20 सालो तक ही पूरे हो सकेगें। चेयरमैन साहब, चौधरी भजन लाल से पहले चौधरी देवी लाल जी इस प्रदे ा के मुख्य मंत्री थे। वे बड़े ही कार्यकु ाल थे और जिस धुन मे लग जाते उसमें ही जुटे रहते थे लेकिन थे बहुत भोले। उनके समय की एक बात मुझे याद आ गयी, बाबू मूल चन्द जैन

भी मेर समर्थन करेंगे। कुरूक्षैत्र जिले मे चौधरी ई वर सिंह जी के गांव का मुखराल सरपंच चौधरी ई वर सिंह के पास आया और कहने लगा कि मेरे को चौधरी देवी लाल जी से मिला दो। चौधरी ई वर सिंह ने कहा कि वे सुबह के समय एम.एल.एज. होस्टल में आते है आप वहा पर मिल लेनां वह बड़ा खु ा हुआ और बड़े चाव के साथ सुथरे कपड़े पहन कर सुबह होस्टल में मिलने के लिए गया। वह पांच सात मिनट मे ही वापिस आ गया। चौधरी ई वर सिंह ने पूछा कि मिल आये भाई? कहने लगा कि उनके अपने गांव के सरपंच उनकी तरह ही बड़े लम्बे चौड़े कद के है, वे भी वहां पर बैठे थे वह कहने लगे कि आपने चौधरी देवी लाल जी को मुख्य मंत्री छांट कर अच्छा नही किया क्योंकि वे सभी लम्बे कद के थे और मैं छोटे कद का था। मैं पिछे खडा रह गया। वे मुझे देख नही पाए इसलिए मिल नही सका। (हंसी एवं भाोर) चेयरमैन साहब, इस के बाद जहां तक एम0एल0एज0 होस्टल का ताल्लूक है, वहां पर बहुत कम जगह हैं। वहां पर एम0एल0एज0 से मिलने वाले लोगो का तातां लगा रहता हैं। आपको भी इस बात का तजर्बा है इसलिए मेरी आपके द्वारा सरकार से प्रार्थना है कि एम0एल0एज0 होस्टल के साथ एक धर्म ाला बना दी जाए। इसके लिए बजट के अन्दर पैसा तो रखा नही गया हैं लेकिन हमारे मुख्यमंत्री जी के पास पैसा बहुत हैं, पैसे की कमी नही है। खुर ीद अहमद साहब हज करके आए हैं और खुदा की इबादत हासिल करके आये हैं। (हंसी व भाोर) मुख्यमंत्री जी के पास पैसा बड़ा है, उनका भाग्य बड़ा बलवान हैं।

चाहे कहीं पर बैठे हो, जिस प्रकार लोग महन्तों को पुजते है, चढावा चढातें है उसी तरह से उन्हे भी चढावा चढता है। इसलिए रूपय की कमी नही है।

चेयरमैन साहब, इससे आगे मैं बजट की अगली बातों पर आता हूं। चौधरी खुर ाीद अहमद जी ने बजट स्पीच देते हुए इस बात का जिक्र किया कि 49 करोड़ रूपय का सरकार को घाटा हैं। लेकिन उन्होने बचत की जो प्रस्तावित बातें हैं, उन पर अमल करके घाटे को पूरा करने की बात कहीं हैं कि इस तरह से घाटा पूरा किया जाएगा। चेयरमैन साहब, भावना तो उनकी अच्छी है और हमें आ ाा भी रखनी चाहिए कि जो उन्होने बात कही भााायद ठीक हो। कुछ और भी मद ऐसी हैं, जिनसे बचत खासी हो जाएगी। अगर रावी व्यास के पानी को फैसला न हुआ तो उस के लिए जो खर्चा रखा गया है, वह बच जाएगा। पक्के खालो के लिए जो रूपया हैं, उसमे से भी कुछ रूपया लोगों से वसूल होना हैं। यह रूपया जो सरकार पहले खर्च करेगी और बाद में कुछ वसूल होगा। इसलिए कुछ बचत तो स्वाभाविक तौर पर हो जाएगी। लेकिन मैं यह समझ नही पाया कि यह 49 करोड़ रूपए का घाटा जो है, वह किस तरह से पूरा किया जाएगा? इसलिए चेयरमैन साहब, पिछले बजट में सरकान ने नान–प्लान के तहत 291 करोड़ रूपये की रा ि ा निर्धारित की थी लेकिन अब नान–प्लान एकसपेन्डीचर की फिगर्ज़ 331.41 करोड़ रूपये से भी ज्यादा है यानि लगभग 40 करोड़ रूपया सरकार ने ज्यादा खर्च किया हैं।

इस ज्यादा खर्च का वित्त मंत्री महोदय ने अपने जवाब में कारण यह बताया है कि एक ता सरकारी कर्मचारियों के मंहगाई भते के कारण खर्चा बढा है और दूसरे जो नेचुरल कलैमिटीज के कारण नुकसान हुआ हैं, उसके कारण खर्च बढा है मैं उन्हे एक बात कहना चाहता हूं कि अगर भाई खुर ाीद ने अपने काम को ठीक ढंग से चलाना हैं, तो जो पहले रिवायत चली हुई है, उसको बन्द करना होगा। मुख्य मंत्री महोदय जहो भी जाते हैं, वे किसी भी विभाग के अफसर से नहीं पूछते, वित मंत्री जी से भी नहीं पूछतें कहीं 50 लाख रूपये की ग्रांट मन्जूर कर आये, कहीं पर हस्पतालों के लिए मन्जूरी दे आये और कहीं पर नई सब तहसील बनाने की घोशना कर आये। चेयरमैन साहब, इस काम के लिए एक सब कमेटी बैठी थी। उसने जिस जिस जगह पर तहसील या सब तहसील बनाने के लिए सिफारि ा की थी, इन्होनें उससे 8–10 फालतु ही बना दीं। जहां पर जरूरत थी वहां जो बनाई नही, दूसरी जगहो पर बना दी। चेयरमैन साहब, खरखोदा के लिए कमेटी की रिकमेन्डे ान थी, लेकिन वहो पर तहसील न बनाकर किसी दूसरी जगह पर बना दी गयी रोज हम अखबारों मे पढते हैं कि मुख्यमंत्री जी वहां वहां गए और यह मंजूर कर आए। कैथल के बारे में भी जिला बनाने के लिए भाोर था। (ाोर) चेयरमैन साहब, मैं अर्ज करना चाहता हूं कि मुख्यमंत्री स जी ने जो अब तक वायदे किये हैं अगर उनकों पूरा किया जाए तो 350 करोड़ रूपये और खर्च करना पड़ेगा। मैने सरकारी अफसरों से पूछा है कि मुख्यमंत्री जी जो वायदे करते हैं क्या आप उनका रिकार्ड

रखते हो जो मुझे बताया गया कि अगर सभी वायदो को पूरा किया गया जो इतना खर्च होगा। इसलिये अगर सारे वायदों को पूरा किया गया तो बजट में और भी घटा होगा। अगर त्यादा घाटा नही दिखाना है तो इन वायदों को पूरा किया गया जो बजट में और भी घाटा होगा। अगर ज्यादा घाटा नही दिखाना है जो इन वायदों को पूरा यिा गया जो बजट में और भी घटा होगां। अगर ज्यादा घाटा नही दिखाना है तो इन वायदों को कम करने की कोि ा ा करें। चेयरमैन साहब, वित मंत्री जी ने एक सुझाव रखा है कि अगले साल सरकारी नौकरियां में लये कर्मचारियो को नही लगाया जाऐगा इलैक ान तो चाहे मई जून मे हो या उससे आगें हो लेकिन एक बात जरूर है कि जो भी काम इस साल किया जाएगा वह इलैक ान को ध्यान मे रख कर किया जाएगा। इसलिए उसको सामने रखते हुए मंत्रीमण्डल भी और मुख्य मन्त्री भी इस बात का ध्यान रखेंगे कि लोगों की डिमाडं ज्यादा से ज्यादा पूरी की जाएं। चेयरमैन साहब, आप हैरान होगें कि जब लो सभा के इलैक ान हुए तो बहुत से लड़को ने हमें बताया कि हम मुख्य मंत्री जी से मिले थे। उन्होने हमें कहा कि सोनीपत के हल्के में जाकर काम करो और करनाल के हल्के को जर ठीक तरीके से संभालन। आपको नोकरियां दी जाऐगी। * * * * (विघ्न) तो चुनाग नजदीक हैं और कोई भी सरका ऐसी नही हो सकती जो इस बात पर ध्यान न दें .....(विघ्न)

श्री सभापतिः ब्याह भाादी के बारे में जो बात की गई है, वह एक्सपंज कर दी जाए।

श्री बलदेव तायलः चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर हैं। एक्सपंक ान का एक रूल है। उसके अन्दर यह लिखा हुआ है कि अगर कोई भाब्द डैफेमेटरी था या डेरागेटरी हो, वह एक्सपंज हो सकता है लेकिन इसमें तो कोई ऐसी बात नही हैं और किसी मन्त्री ने इस बार में प्रोटेस्ट भी नही किया।

श्री सभापतिः चेयर अगर किसी भाब्द को डैफेमेंटरी समझें तो उसे एक्सपंज किया जा सकता हैं। रूल 116 बड़ा क्लियर है उसे मैं पढ देता हूं।

"If the Speaker is of opinion that a word or words has or have been used in debate wiich is or are defamatory or indecent or un-parliamentary of undignified, he may, in his discretion, order that such word or words be expunged from the proceedings of the Assembly."

Shri Baldev Tayal: Ihave to submit that it is all right that if, in the opinion of the Chair, a word is defamatory or indecent or indecent or un-parliamentary or undignified that word or words can be expunged. This word is neither defamatory nor derogatory. How can it be expunged?

Mr. Chairman: The rule says that if the word is defamatory or indecent or unplarliamentary or undigneified, it can be expunged. This word was indecent. Therefore, I have ordered to expunge it. Please be seated.

Shri Baldev Tayal: I do not challenge you authority.

Mr. Chairman: Please take you seat. i Have given my ruling.

चौधरी रिजक रामः चेयरमैन साहब, एक तरफ तो यह सरकार कहती है कि हमन बेरोजगारी को खत्म करने के लिय पूरे प्रबन्ध कर दिये है और दुसरी तरफ स्कूल को अपग्रेड किया जा रहा हैं। कालेजों से आज ग्रेजूएटस और एम0ए0 बहुत तदाद में आ रहें हैं। इसके अलावा पौलिटैकनिक और आई0टी0आईज0 से भी बहुत से डिप्लोमा होल्डर आ रहे हैं आप देखें कि दस साल अप्रैल में अकेले जो मैट्रिक पास करके आएंगे उनकी संख्या कितनी होगी और उधर सरकार कहे कि हम तो किसी को साल भर नौकरी नही देगें तो यह बात ठीक नही। इसलिए मैं अर्ज करता हूं कि ऐसी हालत में भी अगर सरकार यह कहे कि इस साल हम नई भरती नही करेंगे जो यह कोई ठीक बात नही हैं। इनको जो बल्कि नौकरीयों के दरवाजे और खोलने चाहिएं। खर्चे को कम करने के और भी तरिके हैं जैसे जहा पर फिजूल खर्ची हो रही हो, उसकी तरफ ध्यान दिया जाना चाहिए न कि इस बात पर कि नई भरती नही की जाऐगी। दूसरी बात चेयरमैन साहब, मैं यह कहना चाहता हूं कि आपका देहातों से पूरा संबंध है और बेरोजगारी की समस्या सब से जटिल और संकट पैदा करने वाली सम्सया हैं। आप देखे कि वित्तमंत्री जी ने अपनी बजट स्पीच में बताया कि हरियाणा में 36 प्रति ात लोग ऐसे है जो गरीबी की

रेखा से नीचे है आपको मालूम है कि गरीबी की रेखा के नीचे का क्या मतलब हैं। 1960–61 कह कीमतों के आधार पर जो लाग गरीबी की रेखा से नीचे थे उनका एक महिने का खर्चा 20 रूपय निकाला गया था तो आप अन्दाजा लगा सकते हैं कि जिस आदमी को 20 रूपये महीना मिलता हो उसकी क्या हालात होगी? इसी तरह से 1960–61 की मर्दम भ्ाुमारी के वक्त हरियाणा मे 66 प्रति ात किसान ऐसे थे जिनके पास पांच एकड़ से ज्यादा जमीन नही थी लेकिल जब 1975 मे सर्वे किया गया जा 75 प्रति ात लोग ऐसे थे जा पांच एकड़ या उससे कम भूमि के मालिक थे और उसमें से 29 प्रति ात लोग ऐसे थे जिनके पास सिर्फ अढाई एकड़ या उससे कम जमीन थी। आप अनदाजा लगा सकते है कि एक एकड़ वाले भूस्वामी ही क्या हालत हो सकती है? स्माल फारमर्ज डिवैल्प एजेंसी ने भी उनको काई राहत नही दी। इसके अलावा देहात में बसने वाले जो हरिजन है, दस्तकार हैं या दूसरे लोग हैं उनकी हालत भी बहुत खराब है। आज से 30 साल महले देहात मे कुछ भाई मोची का काम करते थें, कुछ कुम्हार भई बर्तन बनाने का काम करते थे और लोहार भाई लाहे का काम करते थे लेकिन बड़ी बड़ी इंडस्ट्रीज ने उन सबके धान्धे बंद कर दियें।(घंटी) चेयरमैन साहब, अभी तो मैने भूमिका बांधी हैं, आपने घंटी बता दी। मैं अर्ज कर रहा था कि आज दे ा मे जितने दस्तकार हैं, वे बडी–बड़ी इंडस्ट्रीज के कारण बेकार हैं और दिनो–दिन गरीब होते जा रहे हैं। 85 फीसदी लोग जो देहातों मे रहते हैं, इनमें से बहुत बड़ी संख्या सर्विसिज़ में है, चाहे स्टेट

सर्विसिज में हों, चाहे सैन्ट्रल सर्विसिज में हो और चहे म्यूनिसिपल कमेटीज में काम करते हों, कहने का मतलब यह हैं कि ये लोग 85 परसेंट लोग भाहरों में ऐसे हैं जिनके कारखाने है या तजारत का काम हैं में गरीबो को दबाते हैं। जहां तक हरिजनो का सवाल है, आप महकमों मे जाकर जांच पड़ताल कर लें ि ाड्यूल्ड कास्टस की रिजर्वे ान किसी भी महकमें पे पूरी नही हैं। 85 परसैंट आबादी जो देहातों में रहती है इनमें करोड़ों की तादाद हरिजन भाईयों की हैं। इनमें बड़ी बैचेनी फैली हुई हैं और परिणाम यह हो रहा हैं कि विशय को यहीं पर समाप्त करता हूं। दूसरी बात मै यह अर्ज करना चाहता हूं कि आज देहात में लाखों लागों की तादाद में पढे लिखें बेराजगार नौजवान है जिनकों मां–बांप ने बड़ी कठिनाई से पढाया हैं। कठिनाई इसलिए होती है क्योंकि 85 परसैंट आबादी के पास जायदाद बहुत कम है इसलिए पूरा खर्चा देकर अपने बच्चों को पढा नही सकते। जिन्हाने पढाया है उन्होने अपना पेट बांधकर बच्चो का तालीम दी हैं। इस ख्याल से कि बच्चे पढ़–लिख कर सहायता तो क्या करनी थी उल्टा मां–बाप पर बोझ बने हुए है। मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि सरकार का इस तरफ कोई ध्यान नही है। मैं सरकार का इस तरफ ध्यान दिलाना चाहता हुं कि जो गरीब आदमी देहात में हैं, चाहे हरिजन है, चाहे किसान हैं, चाहे मजदूर हैं इनको सर्विसिज मिलनी चहिए। इन गरीब बच्चो मे काबिल से काबिल कैंडिडेट्स मोजूद हैं लेकिन अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि जो बड़े बड़े सरमायेदार और पूजीपति है, वे अपने असरो–रसूख

के बल पर, धन की ताकत के बल पर नौकरियां ले जाते है और देहात के गरीब कैडिडेट्स नौकरियों से महरूम रह जाते हैं। देहातों के लड़के, जिन्होने फर्स्ट क्लास मे इम्तिहान पास किया हुआ होता है और नौकरी के लिए, सरकार के दरवाजे खटखटाते फिरते हैं, वे तो सर्विसिज़ से महरूम रह जाते है और असरो–रसूख वाले अमीर आदमियों के बच्चे, जिनके पास पैसे की ताकत है, थर्ड डिविजन मे पास होने के बावजूद भी नोकरियां ले सकते है। आज लियाकज के वेसिज़ पर सर्विसिज नही दी जाती। अगर धन की ताकत की वजह से गरीबों को नोकरियों में हिस्सा नही मिलता तो जहां तक मै समझता हूं, भूमि–क्रान्ति के अलावा इस समस्या को हल करने का और काई चारा नहीं। (तालियां)

श्री सभापतिः आर्डर प्लीज आर्डर। (व्यवधान)

चौधरी रिजक रामः चेयरमैन साहब, आज सर्विसिज का सिलैक ान धन के ताकत के बल पर होता है।दूसरा आईटेरिया रह जाता हैं कि सिलक ान करते समय यह देखा जाता है कि यह आदमी अमुक इलाके से ताल्लूक रखता हैं या नहीं, अमुक जाति से ताल्लूक रखता है या नही। अगर वह उस पार्टिकुलर दलाके या जाति से ताल्लूक रखता हो तो उसकी सर्विसिज़ मे प्रेफरेन्स दी जाती है। इस सिस्टम मे मुताबिक किसी की लियाकत या नालायकी का कोई अन्दाता नही लगाया जा सकता। जो कैंडीडैटस उस पाटिकुलर इलाके और जाति से बिलोंग करते हैं उनको ले लिया जाता हैं और बाकियों को नज़रअन्दाज कर दिया

जाता है, यह इन्साफ की बात नही हैं। चेयरमैन साहब, अभी–अभी सब–जजिज का सिलैक ान हुआ..... (व्यवधान)

Finance Minister (Chaudheri Khurshid Ahmed): Mr. Chairman, the case of selection of sub-judges is pending in the Court and it can not be discussed here.

Mr. Chairman: Chaudhari Rizaq Ram Ji, this matter is sub-judice I will request you not to discuss it here.

Chaudhri Rizaq Ram: All right, sir, I leave this point. चेयरमैन साहब, मैं दूसरी बात पर आता हूं सरकार ने दो हजार से ज्यादा आबादी वाले देहातों में कुन्यूमर्ज स्टोर्ज खोलने का एलान किया था जिन के लिए हाल ही में सेल्जमैन की भर्ती हुई। सरकार ने 2300 सेल्जमैन की सिलैक ान की, लेकिन चेयरमैन साहब, आप जानकर हैरान होंगें कि 2300 की सिलैक ान मे दो बिरादरियों के ही लड़के लिए गए है और दूसरी बिरादरीयों को इग्नौर कर दिया गया। ये कैंडीडैट्स हरियाणा से ही नही लिए गए बल्कि राजस्थान और यू0पी0 के भी लिए गये है। चेयरमैन साहब, जात–बिरादरी के आधार पर, इलाकाई तौर पर पक्षपात करके सैल्जमैन की भर्ती करना हमारे नौजवानो के साथ निहायत पक्षपातपूर्ण कार्यवाही हैं। यही नही, चेयरमैन साहब, 2300 सेल्जमैन में से सोनीपत जिले के सिर्फ 15 लड़के लिए गए, क्या यह इलाकाई पक्षपात नही? सोनीपत जिले से न कोई असिंस्टैंट मैनेजर लिया और न कोई सुपरवाइजरी स्टाफ लिया केवल 15 सेल्जमैन लिए और मामला साफ कर दिया। अगर इस तरहसे

हरियाणा के देहाती लड़को के साथ पक्षपातपूर्ण व्यवहार किया गया तो हरियाणा का भविश्य क्या होगा, यह आप सब जानते हैं। आज लाखो लडके स्कूलों और कालेजों से पढ कर निकल रहे हैं। जब ये अपनी एजुके ान पूरी करकें आते हैं तो इनके दिल में पहले ही यह भावना होती है या डाल दी जाती है कि सरकारी अफसर जात–बिरादरी और इलाकाई–पक्षपात के आधार पर सिलैक ान करते हैं। चेयरमैन साहब, मैं पूरे वि वास के साथ कह रहा हूं कि जो सर्विसिज में भर्ती करने वाले आफिसर्ज हैं, वे पक्षपातपूर्ण भावना से काम काम लेते हैं। वे अपनी जेबों में ब्लैक अप्वायंटमैंट लटर्ज तैयार डाले रखते हैं और जब किसी ने सिफारि ा की तो फौरन उसका नाम भर देते हैं। (इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए) डिप्टी स्पीकर साहब, एस0एस0एस0 बोर्ड के द्वारा सर्विसिज मे भर्ती की जाती हैं। आम आदमी काम ध्यान एस0एस0एस0बोर्ड की तरफ नही जाता, लेकिन मै दो बातों की तरफ ध्यान दिलाना चाहता हूं। बोर्ड ने कुछ असामियों की भर्ती करनी थी और इस भर्ती मे ऐसे कंडीडैट्स को चुना गया जिनकी दरख्वास्तें भी एस0एस0एस0 बोर्ड में वसूल नही हुई थी और टैस्ट में भी भाामिल नही हुए थे। इस सिलसिले में मेरे पास सुचना हैं। (व्यवधान) लोगों ने कम्पलेंट्स की हुई हैं। (व्यवधान) तो डिप्टी स्पीकर साहब, मै ज्यादा न कहता हुआ, यही निवेदन करना चाहता हूं कि जहां तक बेरोजगारी का सवाल है, इसको दूर करने के उदे य से सर्विसिज में पक्षपात नही करना चहिए। आखिर में बैठने से पहले एक बात और अर्ज कर दूं कि पिछले दिनो 2

जनवरी को मुख्य मन्त्री जी राई में गए थें, चौधरी जगन नाथ जी भी साथ थे। इन्होने वहां ऐलान किया कि हरियाणा सरकार ने फैसला किया हैं कि जो भी पढे लिखे अन–एम्पलायड लड़के हैं उनमे जो एम0ए0 पास है उनको 100 रूपये महीना और जो बी0ए0 पास है। उनको 75 रूपये महीना अन–एम्पायमैंट अलाउन्स दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री (चौधरी भजन लाल): मैने ऐसा कोई एलान नही किया। (विघ्न)

चौधरी रिजक राम: इन्होने ऐसा ऐलान ना भी किया हो तब भी मै सरकार से प्रार्थना करता हूं कि इन्हे अब ऐसा करना चाहिए। चौधरी खुर ाीद अहमद जी के बारे में सभी जानते है कि वे फराख दिल और रंगीन मिजाज के आदमी है इसलिए उन्हे ऐसा करने में कोई दिक्कत नही होनी चाहिए। (विघ्न) डिप्टी स्पीकर साहब, अपने दे ा मे महाराश्ट्र और बंगाल आदि कई प्रान्तो ने अनएम्पलायड लोगों के लिए इस तरह का अलाउन्स मुकर्रर किया हैं। यह अलाउन्स चाहे 100 रूपये का हो, 75 रूपये का हो या भाब्दों के साथ डिप्टी स्पीकर साहब, मै आपका भाुक्रिया अदा करता हूं।

चौधरी जय नारायण(कलानौर, अनुसूयित जाति): डिप्टी स्पीकर साहब, समय देने के लिए मैं आपका धन्यावाद करता हूं। वित मन्त्री, चौधरी खुर ाीद अहमद जी ने हाउस के सामने 49

करोड़ रूपये का बजट रखा हैं। इन्होने बड़ा खोखला और बेजान बजट पे ा किया हैं। (विघ्न) यही नही हाउस को गुमराह करने की कोि ा ा भी की गई है। इन्होने कहा हैं कि अपने खर्च मे कमी करके इस घाटे को पूरा करेंगे। डिप्टी स्पीकर साहब, असल मे यह घाटा 49 करोड का नही, 70 करोड़ का हैं। यह हिसाब 34—35 पृश्ठो की हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, मै आपके नाटिस मे यह बात लाना चाहता हूं कि हरिजनों के अन्दर भी 5—7 परसैंट ऐसे लोग हैं जो ज्यादा फायदा उठाते है। हरिजनो के अन्दर कम से कम 35—36 बिरादरियां हैं लेकिन बजट का या हाउस द्वारा पास किए गए पैसे का ज्यादा फायदा एम0एल0एज0, मिनीस्टरर्ज या बड़े पदाधिकारी ही उठा लेते हैं और जो गरीब हरिजन है उन जक यह पैसा नही पहुंचता। ब्याह भाादी के अन्दर पैसो की जब बौछार करते हैं तो कुछ लोग ऐसे होते है जो झोली लेकर उपर ही उन पैसो को थाम लेते हैं। इसी तरह से हरिजनों के लिए पास हुए पैसे को केवल पांच सात प्रति ात लाग ही हजम कर जाते हैं और गरीब हरिजन, जो देहात के अन्दर बसने वाला हैं, उस तक यह पैसा बिल्कुल नही जाता। डिप्टी स्पीकर साहब, पैसा चाहे मकान बनाने के लिए हो, ट्यूबवैल लगाने के लिए हो या चाहे किसी और काम के लिए हो सबमे यही बात हैं। इसलिए मैं आपके द्वारा सरकार से कहना चाहता हूं कि वह गरीब तबके की तरफ भी ध्यान दे। हमे आजाद हुए तकरीबन 32—33 साल हो गए हैं लेकिन आप रिकार्ड निकाल कर देख ले हर डिस्ट्रिकट मे, ऐडवाइजरी कमेटी जो ग्रांट बाटंती है, उसमें एक ही वर्ग के

आदमी होते हैं। जबकि हरिजनों में बालमिकी है, धानक हैं और चमार भाई भी हैं। इन लोगो कोएक पैसा तक नही मिलता क्योकि भाई, भतीजे, चाचे और ताउ के नाम पर सारे का सारा पैसा दूसरे वर्ग में डिवाईड हो जाता हैं। इसी तरह का मामला नोकरियों में हैं डिप्टी स्पीकर साहब, इस बजट में किसानों के बारे में भी ज्यादा बढा चढा कर कहा गया हैं। ये कहते हैं कि पहले गन्ने का भाव 13 रूपये क्विंटल था लेकिन अब 26 रूपये क्विंटल कर दिया गया हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, इसमें कोई भाक नही कि पिछले साल गन्ने का भाव सरकार ने 13 रूपये क्विंटल निर्धारित किया था लेकिन उस वक्त चीनी का भाव भी अढाई और तीन रूपये किलो था। इस साल चीनी आठ नौ रूपये किलो बिक रही है इसलिए गन्ने का भाव कम से कम 40 रूपये क्विटंल होना चहिए। डिप्टी स्पीकर साहब, किसानों के साथ बहुत ही ज्यादा खिलवाड़ यिा जा रहा हैं। बिजली के रेट को ही आप देख लें। देहात में बसने वाले गरीब लोगों और व्यापारियों आदि के उपर तो बोझ डाल दिया गया है लेकिन बडे बड़े पुजीपतियों को बड़ी रियायते दी गई हैं। इसी तरह से बेरोजगारी का मामला है। हमारे प्रदे ा के अन्दर हर साल तकरीबन एक लाख नौजवान पढ़–लिख कर तैयार हो जाते हैं लेकिन यह सरकार केवल बीस हजार आदमीयों को ही रोजगार दे पाती हैं इस तरह से इस सरकार के राज मे 80 हजार के करीब नोजवान हर साल बेराजगार हो जातें है। उनकी मदद करना सरकार का फर्ज बनता है। जिस तरीके से दूसरी स्टेटो मे बरोजगार आदमियों को भता दिया जाता है उसी

तरीके से इस सरकार को भी उन लोगों को भत्ता जरूर देना चहिए।

डिप्टी स्पीकर साहब, फूड एडं सप्लाईज महकमे का भी बुरा हाल है। आज किसान को चार या पांच सीमेंट के कट्टों के लिए दर दर की ठोकरे खानी पडती हैं जबकि ब्लैक मै तीस रूपये का कट्टा पचास और साठ रूपये मे खुला मिलता है। (विघ्न) एम0आई0टी0सी0 और इरीगे ान डिपार्टमैंट के बारे में तो कुछ नही कहना चाहता लेकिन यह बात ठीक नही है कि ब्लैक मे 60 रूपये के हिसाब से जितने सिमेंट के कट्टे लेना चाहो ले सकते है।

डिप्टी स्पीकर साहब, ये कहते है कि हमने हरिजनों को बहुत ज्यादा उपर उठाना हैं। लेकिन इस बात की एक और मिसाल मैं आपको बताना चाहता हूं। डिस्ट्रिक्ट सोनीपत मे रोहट एक गांव हैं। वहां हरिजनों ने 50–60 साल पहले से पक्के मकान बना रखे है। लेकिन यह सरकार उन मकानों का गिरवाना चाहती है। वे लोग प्रधान मंत्री श्रीमति इन्दिरा गांधी से भी मिलें हैं।

एक तरफ तो यह सरकार हरिजनों के लिए आंसू बहाती है और दूसरी तरफ गरीब हरिजनो के मकानों को, जिनकों बनाये हुए आज से 50–60 साल हो गयें हैं गिराने के आदे ा जारी करती हैं। इस विशय में आप बे ाक पता कर लें, सरकार ने आर्डर जारी कर रखें हैं।

ला एन्ड आर्डर की पोजि ान के बारे में जा क्या बताऊं, उसका ता दिवाला ही निकाला हुआ है। डबवाली केस की रिपोर्ट आज हाउस के सामने आयी हुई है। आपको मालूम है कि भाीला बहन के साथ किस तरह से बलातकार किया गया। उधर बैठे भाईयों के नोटिस में मै एक बात लाना चाहता हूं। जब रिवासा कान्ड हुआ और उस समय रिवासा कान्ड कमेटीके जो प्रधान बने हुए थे, आज वही कांग्रेस की सरकार में मंत्री बने बैठे है। कांग्रेस सरकार के टाईम में पीपली, रिवासा और नगीना कान्ड हुए।उन कान्डों मे जितना अत्याचार हरिजनों के साथ हुआ हैं वह किसी से छिपा नही हैं। आज यह सरकार हरिजनों के लिए आसूं बहा रही हैं। मैं तो यह कहूगां कि जितना अत्याचार हरिजनों के साथ हुआ हैं आज से पहले कभी नही हुआ था। हिन्दूस्तान मे 32 साल तक काग्रेस की सरकार रही। उस दौरान एक गरीब मजदूर को तीन और चार रूपये मजदूरी मिलती थी लेकिन अढाई साल जनता पार्टी की सरकार रही उसी के दौरान हमने निर्णय किया कि कम से कम आठ या दस रूपये डेली वेजिज पर काम करने वाले मजदूर को मिलने चाहिएं।(ाोर) आप भाान्त रहें यह जनता सरकार की देन है कांग्रेस की सरकार ने तीस इक्तीस साल मे हरिजनों के लिए कितनी चौपाल बनवाई। परन्तु जनता सरकार ने दो साल के अन्दर ही कांग्रेस सरकार से तीस गुना चौपाले ज्यादा बनाई है।

इसी प्रकार से जो हमारे स्वीपर भाई हैं व जो काम करते है उसको कोई भी दूसरा करने के लिए तैयार नही हैं। किसी आदमी को दो हजार रूपये भी दिये जाए तो भी वह उस काम को करने के लिए तैयार नही होगा। हमारी जनता पार्टी की सरकार आने के प चात उन गरीब स्वीपरो को पचास रूपये अधिक मजदूरी के दिये गए। यानि उनकी पचास रूपये महीना पे बढायी।

काम के बदले अनाज की स्कीम भी हमारी सरकार की तरफ से चालू की गई थी लेकिन आज की सरकार ने उस सारी की सारी स्कीम को बन्द कर रखा हैं। उस स्कीम से गांव के गरीब लोगों का भी भला होता था। ओर गांव का भी सुधार हो जाता था। लेकिन यह कांग्रेस सरकार जा हरिजनों के लिए ता नौ–नौ मन के आंसू बहाती है और किसानों से हमदर्दी दिखाती है, वह इन दोनो वर्गो के लिए कुछ नही कर रही है।

लोहारू के किसानो ने बिजली की मांग की लेकिन उनको उसके बदले मे लाठी और गौली मिली। इसी प्रकार से कुरूक्षैत्र वि वविधालय के विधार्थियों ने मांग की थी उनको भी यही मिला। इस सरकार के हथकंडो को हमार हरिजन भाई जो इसी सरकार मे मिनिस्टर हैं, वे भी जानते हैं लेकिन अपनी कुर्सी को कायम रखने के लिए वे कुछ नही कहना चाहते।

अब मै आपके द्वारा सरकार के नाटिस में यह भी लाना चाहता हूं कि जब से काग्रेस का राज रहा है तब से आज तक हरिजनों के लिए जो रिजर्वे ान की हुई है, वह पूरी नही हुई। हरिजनों के लिए बीस परसैन्ट कोटा मुकरर्र किया हुआ है। मुझे चार साल इस हाउस का मैम्बर बने हुए हो गये। मैने चार साल के रिकार्ड को देखा है हरिजन दस परसैन्ट भी नही है। अगर यह सरकार हरिजनो का बीस परसैन्ट कोटा पूरा दिखा दिया दे तो मै अस्तीफा देने के लिए तैयार हूं। क्लास फोर को छोड़ कर किसी भी क्लास का कोटा पूरा नही है। क्लास फोर में भी इसलिए कोटा पूरा है कि जिस काम को हमारे बाल्मिकी भाई करतें है, उसको कोई दूसरा करने को तैयार नही हैं। इसलिए उसमे वह कोटा पुरा हैं वरना और किसी भी जगह रिजर्वे ान पूरी नही हैं। इस सरकार ने दमदमा बना रखा हैं कि हरिजनों का बीस परसैन्ट कोटा है। मुझे इनके कामों को देख कर रोना तो बहुत आता है परन्तु इस सरकार पर हमारी बातों का कोई असर नही होता। (विघ्न) नोटिस में लाना हमारा फर्ज बनता हैं लेकिन काम तो सरकार ने करना हैं। रोहतक में चौधरी भजन लाल गये तो उनके बारे मे चौधरी हर स्वरूप बूरा ने बडी बढा–चढा कर कर बाते कहीं। हमने भी सोचा था कि नये नये मुख्यमंत्री बने है, ईमानदारी से काम करेगें और दल नही बदलेगें। इन्होन यह भी कहा कि जनसंघी भाई बड़े डिस्पिलन के होतें हैं, वे भी हमारे साथ हैं। लेकिन जब भजन लाल जी दल बदल गये जा हमने उसी वक्त अस्तीफा दे दिया क्योकि हम तो सिद्वान्त के आदमी हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, इस प्रदे ा मे भ्रश्टाचार बहुत ही ज्यादा बढता जा रहा है। एक कांग्रेसी कार्यकर्ता ने डिटेल मे हर मिनिस्टर और विधायक को पत्र लिखा है * * * * (ाोर) यह एक कांग्रेसी कार्यकर्ता ने हर विधायक को पत्र भेजा हुआ है। मै अपनी तरफ से नही कह रहा हूं बल्कि हर मैम्बर का पत्र आया हैं।

गृह मंत्री (श्री कन्हैया लाल पोसवाल): यह बात एक्सपंज होनी चाहिए।

श्री उपाध्यक्षः चेयरमैन के बारे में जो कुछ कहा गया है, वह एक्सपंज कर दिया जावें।

चौधरी जय नारायणः आप चाहे तो चिट्ठी भी पे ा कर सकता हूं।

चौधरी राम लाल वधवाः डिप्टी स्पीकर साहब, सवाल यह है कि एक चीज लिख कर सभी मैम्बरों को दी जा चुकी हैं और वह किसी डिपार्टमैन्ट से कन्सर्न रखती हैं। फिर किसी चेयरमैन या किसी अफसर का भी नाम नही लिया जा रहा हैं तो वह एक्सपंज नही होनी चाहिए। उन्होने कहा है कि जो * * * * *। यह बड़ा सिरियस मैटर हैं। अगर किसी डिपार्टमैन्ट के बारे में यह भी न कहा जाये तो फिर कैसे काम चलेंगा।

श्री उपाध्यक्षः आप बैठिए। (ाोर)

चौधरी राम लाल वधवा: डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। अगर हम किसी डिपार्टमैन्ट का यहां नाम लेते हैं और वहां पर जो काई मैनेजिग डायरेक्टर या चैयरमैन लगा हुआ हैं, उसके बारे में बिना नाम लिए हुए कुछ कहते हैं तो वह बात कैसे एक्सपंज हो जाऐगी? ऐसा करने से तो यह प्रथा पड़ जाऐगी कि हम किसी डिपार्टमैन्ट के बारे मे बात भी नही कर सकेंगे।

श्री उपाध्यक्ष: उन्होने डिपार्टमैन्ट का नाम लेने के साथ–साथ पर्टिकुलरली यह भी कहा है कि वहां चेयरमैन के दामाद लगें हुए है।

चौधरी राम लाल वधवा: वह तो ठीक हैं लेमिन उन्होने उसका नाम जो नही लिया। (विघ्न)

Shri Baldev Tayal: Mr. Deputy Speaker, Sir, the whole questions is that suppose I want to level allegations against a person or an officer, haveing definite material and proof that such and such person is corrupt. What is the remedy.....

Mr. Deputy Speaker: You can give in writing.

Shri Baldev Tayal: No, Sir, there is no rule which requires that the Member should give it in writing. One alternative available is to go to the Hon. Chief Minister and bring it to his notice. But what is the other alternative we have, if we want to bring it to the notice of the House itself

that such and such man is corrupt and that such and such officer is accepting bribe?

If the allegations are vague or are of no material value, the certainly the Chair is entitled to expunge them. But if a definite allegation is levelled against a person or an officer, I think, this House is entitled to know as to who is the officer who takes bribe and is corrupt. Even in this House when allegations have been levelled against the Minister they have not been expunged. My submission to you, Sir, is only this that will be unnecessarily defending those officers or chairmen of corporations, who are corrupt, if reference3s made to them even by designation are expunged under the garb of this rule.

12 बजे

डा0 मंगल सैनः इस सदन मे माननीय सदस्य ने किसी का भ्ाुभ नाम नही लिया हैं। जिस पत्र के बारे में वे कह रहे है, वह सभी एम0एल0एज0 को दिया गया हैं। चीफ मिनिस्टर को दिया हैं ओर उसकी कापी प्राईम मिनिस्टर को भी भेजी गई हैं। वह काग्रेस का वर्कर हैं। आपके पास भी पत्र आया होगा।

श्री उपाध्यक्षः मेरे पास कोई पत्र नही आया।

डा0 मंगल सैनः आपके पास आया होगा। आप अपने कागजों को देख लें।

श्रीमति सुशमा स्वराजः यह बात जो माननीय सदस्य कह रहे थै क्या आपने उसकी एक्सपंज किया है।

श्री उपाध्यक्षः हां एक्सपंज किया हैं।

ओचित्य प्र न–

निगम/बोर्ड के सभापति या सरकार के अन्य कार्यकर्ताओं के विरूद्व पदनाम से लगाए गए आरोपों को कार्यवाही से निकालन संबंधी।

श्रीमति सुशमा स्वराजः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। उपाध्यक्ष महोदय, कई दिनों से इस सदन में यह परम्परा चली आ रही है कि जब कोई नि चत आरोप किसी के खिलाफ लगाए जाते हैं तो उस पर सताधारी पक्ष के लोग बोलने लग जातें हैं और उसे एक्सपंज करने के लिए कहा जाता हैं। चेयर द्वारा भी यह कहा जाता हैं कि इस प्रकार के आरोप नही लगाने चहिए। उपाध्यक्ष महोदय, मै कहना चाहती हूं कि यह पार्लियामैंटरी डैमोक्रेसी है। इस हाउस के अन्दर बैठने का अधिकार केवल उन्ही लागों को है जो जनता द्वारा चुन कर भेजे जाते हैं। मैं आप की एक बात कि जिन अधिकारीयों, कर्मचारियों या चेयरमैनों के खिलाफ किसी किस्म् के नि चत आरोप लगाये जाते हैं तो उस को सुनने के लिए उस विभाग से संबन्धित मंत्री यहां पर बैठता हैं। अगर इस प्रकार के आरोप नही लगाये जाऐगें तो फिर किसी

भी चेयरमैन या महकमें के बारे में चर्चा नही हो सकती क्योकि कोई भी चेयरमैन या अधिकारी हाउस मे नही बैठतां यहां पर एक किस्म से परम्परा सी चल पडी़ है कि जब इस प्रकार की बातें कही जाती हैं तो उन्हे एक्सपंज कर दिया जाता है। मैं आप को बताना चाहती हूं कि अगर किसी के खिलाफ आरोप लगाये जाते हैं तो उस विभाग से संबन्धित मंत्री अपना जवाब दे सकता हैं। इन्होने खादी बोर्ड के चेयरमैन के बारे मे कुछ बातें कही हैं। उस का नाम नही लिया हैं। खादी बोर्ड इन्डस्ट्रीज डिपार्टमैन्ट के नीचे आता है। अगर किसी प्रकार की कोई गलत बात हो तो उसका जवाब इन्डस्ट्रीज मिनिस्टर दे सकजे हैं। इसलिए मैं आप से गुजारि ा करती हूं कि एक्सपंज करने की रूलिग को आप रिकन्सिडर करें। ये भाब्द एक्सपंज नही होने चाहिएं। मैं आप को यह भी कहना चाहती हूंक कि अगर किसी पर निि चत तौर पर आरोप लगाये जाते हैं तो वे भाब्द एक्सपंज नही होने चाहिए। This is my point of order and I want your definite fuling on it.

Mr. Duputy Speaker : I reserve my ruling and I will give it later on.

वर्श 1981–82 के बजट पर सामान्य चर्चा (पुनरारम्भ)

चौधरी जयनारायणः डिप्टी स्पीकर साहब, जब सन् 1979 में चौधरी भजन लाल मुख्यमंत्री बने थे तो इन्होन कलानौर के अन्दर 25 बैड का एक हस्पताल बनाने की घोशणा की थी उस हस्पताल को बनाये जाने के लिए पिछले साल के बजट में भी

घोशणा की गई थी। लेकिन आज तक उस हस्पताल का काम चालू नही हुआ और न ही उस हस्पताल को बनाये जाने के लिए कोई ईंट आदि रखी गई है। मुख्यमंत्री जी ने यह भी कहा था कि गुडाना और कलाना माईनर को भी भीघ्र बनवा दिया जाऐगा लेकिन वहां का काम भी अभी तक नही हुआ हैं। इसी प्रकार से कलानौर के अन्दर जितनी सड़के बन रही ळीं उन सब पर काम ठप्प हो गया हैं। इस दे ा के अन्दर बेरोजगारी दिन प्रति दिन बढती जा रही हैं। प्रदे ा में काफी बेरोजगारी है इसी प्रकार से एम0आई0टी0सी0 जो खालें बनाती है, उन पर किसान अपना खर्चा माफ कराने के बारे में एजीट ान कर रहे हैं। सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिए और यह खर्चा बिल्कूल माफ करना चहिए। मुख्यमंत्री महोदय को उनकी बातें ध्यान से सुननी चाहिएं। उपाध्यक्ष महोदय, आप ने मुझे बोलने का समय दिया उसके लिए आप का धन्यावाद करते हुए मैं अपना स्थान लेता हूं।

कैप्टन मांगे राम(झज्जर–अनुसूचित जाति): डिप्टी स्पीकर साहब, आज सदन मे वर्श 1981–82 के बजट पर चर्चा हो रही हैं। इस चर्चा पर मैं भी अपने कुछेक ख्यालात प्रकट करने के लिए खड़ा हूं। सबसे पहले तो मैं फाईनैन्स मिनिस्टर और उनके स्टाफ को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होने इस बजट को बडी़ लगन और मेहनत के साथ बनाया हैं, यह बजट बड़ा सराहनीय और बड़ा रंगीला है।

डिप्टी स्पीकर साहब, इस बजट के अन्दर कर्मचारियों को भी कुछ राहत दी गई है। हमारी सरकार ने सितम्बर, 1980 की महंगाई भत्ते की देय कि त भी कर्मचारियों को दी हैं। यह रा ि ा फरवरी के मास तक तो कर्मचारीयों के जी0पी0एफ0 में जमा कर दी जाएगीं और मार्च से नकद भुगतान किया जाऐगा। यह हमारी सरकार ने बडा़ सरहानीय काम किया है।

सतबीर सिंह मलिक जी ने जो बजट अपने समय मे पे ा किया था ता उसका विरोध बाबू मूल चन्द जैन जी ने और कई अन्य सदस्यों ने किया था। उसके बाद बाबू मूल चन्द जैन जी ने जो बजट पे ा किया था। उसका विरोध सतबीर सिंह मलिक ने और संत कंवर जी न किया था।उन्होने उस बजट किसान विरोधी बजट कहा था। इनके बाद, जब से चौधरी भजन लाल जी के मुख्य मंत्री बने हैं पिछले साल लाला बलवंत राय तायल जी ने बजट का इस बार विरोधी पक्ष के सदस्यों ने विरोध प्रकट नही किया और न ही वाक आउट किया। इस से साफ प्रतीत होता ळे कि इन्होने भी इस बजट को स्वीकार किया है।

इस बजट के अन्दर 49 करोड़ रूपये के करीब घाटा है। इस घाटे को हमारी सरकार सैन्ट्रल असिस्टैंस तथा अन्य तरीकों से पुरा करने की कों ि ा ा करेगीं।

जो बजट सतबीर सिंह मलिक जी ने पे ा किया था उस के बारे जैन साहब ने तो यह कहा था कि इस बजट को

पुराने आकड़ें उठा करके रख दिया है। इसलिए मै फाईनैंस मिनिस्टर चौधरी खुर ाीद अहमद और उन के स्टाफ को दोबारा मुबारिक बाद देता हूं।

बाबू मूल चन्द जैन जी ने इस बजट का हरिजन विरोधी बताया है और सतबीर सिंह जी ने इसे किसान विरोधी बजट बताया है। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं इस बजट का न तो किसान विरोधी मानता हूं और न ही हरिजन विरोधी मानता हूं। मैं अपने सच्चे दिल से कहता हूं कि हरियाणा के अन्दर जब से चौधरी भजन लाल मुख्यमंत्री बने है, 80 प्रति ात जातपात का जहर दूर हो गया है। यह इनकी कोि ा ा है कि हरियाणा के अन्दर जातपात बिल्कूल समाप्त हो जानी चाहिए।

श्री मूल चन्द जैनः थोडी़ देर पहले जब आपके पडो़सी रिजकराम जी बोल रहे थे उस समय आप क्यों नही बोलें।

कैप्टन मांगे रामः प्रत्येक एम0एल0ए0 को अपने विचार प्रकट करने का अधिकार हैं। इस बजट के अन्दर जो घाटा दिखाया गया हैं इसे देखकर घबराना नही चाहिए। हमारी सरकार ने छठी पंच वर्शीय योजना के लिए 1800 करोड़ रूपये रखे हैं जो पहली योजना से तकरीबन तीन गुना है। इससे पहले इतना अधिक पैसा किसी भी पंचवर्शीय योजना में नही रखा गया हैं। हमारी केन्द्रीय क्षैत्र योजना 30 करोड़ 10 लाख रूपयेकी है। हमारे राज्य का 1981–82 का टैनटेटिव प्लान 290 करोड़ रूपये का है जबकि

